**जनपद हमीरपुर**

**दिनांक 06.08.2026**

## मानवता की मिसाल बने रिक्रूट आरक्षी आदर्श मिश्रा को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने किया सम्मानित।

अवगत कराना है कि दिनांक 05.08.2026 को थाना सुमेरपुर क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल हमीरपुर लाया गया था। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात थाना कोतवाली नगर के रिक्रूट आरक्षी आदर्श मिश्रा ने उपचार के दौरान एक घायल व्यक्ति की अचानक बिगड़ी हालत देखकर तत्काल सीपीआर (CPR) देकर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी त्वरित सूझबूझ, साहस एवं मानवीय संवेदनशीलता की चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं उपस्थित लोगों द्वारा सराहना की गई।

उक्त सराहनीय कार्य के क्रम में आज दिनांक 06.08.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, मृगांक शेखर पाठक द्वारा पुलिस कार्यालय, हमीरपुर में रिक्रूट आरक्षी आदर्श मिश्रा को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उनके साहस, त्वरित निर्णय क्षमता, मानवीय संवेदनशीलता एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे पुलिसकर्मी पूरे विभाग के लिए प्रेरणा स्रोत हैं तथा उनका यह कार्य पुलिस की सकारात्मक एवं संवेदनशील छवि को और अधिक सुदृढ़ करता है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर भी उपस्थित रहे।

